सार-समाचार

दो बच्चों की मां ने फांसी लगाई

डूंगरपुर, (निसं)। रामसागडा थाना क्षेत्र के आडीवाट गांव में दो बच्चों की मां ने अपने घर में फंदा लगा आत्महत्या कर ली। आत्महत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है। पुलिस ने पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया है। वहीं, मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।रामसागडा थाने के हेड कांनि. गिरीराज सिंह ने बताया कि मीरा कटारा ने रिपोर्ट दी है। रिपोर्ट में बताया की मीरा ने पांच साल पहले अपनी बेटी रेखा की शादी आडीवाट निवासी लक्ष्मण भगोरा से करवाई थी। उसकी दो संतान हैं। उन्होंने बताया कि डेढ़ माह पहले ही बेटी रेखा के दूसरी संतान पैदा हुई थी, जिसके चलते वह अपनी बेटी के पास उसकी देखभाल के लिए गई थी। वह बाथरूम में कपड़े धो रही थी। इस दौरान बच्चे के रोने की आवाज सुनकर कमरे में गई तो उसकी बेटी रेखा फंदे से लटकी हुई थी। घटना की सूचना पर मौके पर लोगों की भीड़ लग गई। पुलिस भी मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को जिला अस्पताल की मोर्चरी में पहुंचाया, जहां पुलिस ने पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सुपुर्द किया।

मिट्टी में दबा मिला युवती का शव

डूंगरपुर, (निसं)। कोतवाली थाना क्षेत्र के खुमानसागर बांध रपट में जंगली झाड़ियों के बीच शुक्रवार को मिट्टी दबी एक युवती का शव मिला। सुबह बांध पर कपड़े धोने के लिए गांव की महिला ने मिट्टी के बाहर पैर देखकर इसकी जानकारी ग्रामीणों और सरपंच को दी। शव मिलने की सूचना पर मौके पर भारी संख्या में ग्रामीणों को भीड़ जमा हो गई। मौके बिलडी पूर्व सरपंच बद्रीप्रसाद और मांडवा पूर्व सरपंच नरेश बारिया भी मौके पर पहुंचे तथा इसकी सूचना कोतवाली पुलिस को दी। सूचना मिलने पर मौके डूंगरपुर डिप्टी राजकुमार राजौरा व कोतवाली थानाधिकारी भगवानलाल मय जाब्ता मौके पर पहुंचे तथा मौका मुआवना किया। मौके पर रपट के नीचे औधे मुंह शव पड़ा हुआ था। शव का ऊपरी भाग मिट्टी में धंसा हुआ था तथा पैर वाला हिस्सा बाहर ओर दिखाई दे रहा था। शव तीन से चार दिन पुराना होने से बदबू मार रहा था। पुलिस ने शव को बाहर निकालकर जिला अस्पताल के मोर्चरी में रखवाया गया।

गुजरात से चोरी हुए 47 मोबाइल बरामद

बांसवाड़ा, (निसं)। जिला पुलिस ने विशेष अभियान चलाते हुए गुजरात राज्य में चोरी गुमशुदा हुए जिले में एक्टिव 47 गुमशुदा मोबाइल बरामद कर गुजरात पुलिस को सुपर्द किए। जिला पुलिस अधीक्षक हर्षवर्धन अग्रवाल बताया कि महानिदेशक पुलिस अपराध ने गुजरात के लोगों के चोरी या गुम हुए मोबाइल फोन हैंडसेट राजस्थान में ऑपरेट होने की जानकारी देते हुए रिकवरी बरामद के निर्देश दिए वहीं सीआईडी क्राइम गुजरात के पुलिस अधीक्षक भारत संग टांक मय टीम बांसवाडा भेजा। जिस पर महानिरीक्षक पुलिस एस परिमला एवं एसपी हर्षवर्धन अग्रवाल के निर्देशन में जिले के समस्त सूचना अधिकारियों की विशेष टीम बनाकर विशेष अभियान मोर्बाइल बरामदगी चलाते हुए उक्त सफलता अर्जित की। आम जनता द्वारा सीइआइआर पोर्टल पर मोबाइल गुमशुदा चोरी शुदा मोबाइल की गुजरात पुलिस ने 159 मोबाइल गुमशुदा की सूची भी दी जिसमें से 47 मोबाइल बरामद कर सीआइडी क्राईम गॉधी नगर गुजरात के पुलिस उप निरीक्षक धर्मेन्द्र पटेल को सुपूर्द किये गये।

शिक्षिका पिंकी शर्मा का किया सम्मान

कपासन, (निसं)। शिक्षक दिवस पर आयोजित ब्लॉक स्तरीय सम्मान समारोह में क्षैत्र के राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय केसरखेडी में कार्यरत शिक्षिका पिंकी शर्मा को श्रेष्ठ शिक्षक सम्मान से सम्मानित किया गया।इस दौरान क्षेत्रीय विधायक अर्जुनलाल जीनगर एवं शिक्षा विभागीय अधिकारियों द्वारा ब्लॉक क्षैत्र कपासन के राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय केसरखेडी में कार्यरत शिक्षिका पिंकी शर्मा आदि को स्मृति चिन्ह,प्रशस्ति पत्र,शॉल, उपरना एवं श्री फल भेंटकर कर श्रेष्ठ शिक्षक सम्मान से सम्मानित किया गया। उल्लेखनीय है कि राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय केसरखेडी में कार्यरत शिक्षिका पिंकी शर्मा को शिक्षा के क्षैत्र में श्रेष्ठ कार्य करने एवं भामाशाह प्रेरक रूप में उत्कृष्ट सेवाएं देने पर श्रेष्ठ शिक्षक सम्मान प्रदान किया गया है।इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष मंजुदेवी सोनी,निवर्तमान मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कपासन डॉ. रामसिंह चुंडावत,नगर पालिका उपाध्यक्ष एजाज अली, ब्लॉक शिक्षा कार्यालय संदर्भ व्यक्ति महेंद्र चाष्टा,सत्यप्रकाश जोशी,नगर पालिका पार्षद सुनीता शर्मा,वंदना बुढसाणा, भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष शंभुलाल जाट,पंचायत समिति सदस्य दिनेश पाराशर, विकास बारेगामा,नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि आशीष सोनी सहित क्षेत्रीय ग्राम पंचायतों के पीईईओ एवं शिक्षकगण उपस्थित रहे।

अवैध बजरी स्टॉक को किया जब्त

राजसमंद, (निसं)। खनिज विभाग ने जिले के दो स्थानों पर छापामारी करके 210 टन से अधिक मात्रा में अवैध बजरी स्टॉक जब्त करने की बडी कार्रवाई की है। जिला खनिज विभाग द्वितीय के खनिज अभियंता ललित बाछरा ने बताया कि खान विभाग के प्रमुख शासन सचिव आनंदी एवं विभाग के निदेशक भगवतीलाल कलाल के निर्देशानुसार जिले में अवैध खनन एवं अवैध बजरी स्टॉक के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है। जिले में अवैध बजरी स्टॉक की जानकारी मिलने पर दो टीमें गठित करके छापामारी की गई। वरिष्ठ फोरमैन आरती गंगवाल के नेतृत्व में गठित टीम ने नाथद्वारा तहसील के टाटोल गांव में छापामारी करते हुए 126 टन अवैध बजरी स्टॉक को जब्त करते हुए अपने कब्जे में लिया।

हादसे में श्रमिक की मौत

उदयपुर, (कासं)। शहर के हिरणमगरी थाना क्षेत्र में सिढ़ियों से गिरने पर श्रमिक की मौत हो गई। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार गुरूवार को माकड़ादेव बाघपुरा हॉल सबसिटी सेंटर हिरणमगरी निवासी रमेश चन्द्र (45) पुत्र अंबालाल सिढ़ियों से गिरने पर घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए एमबी चिकित्सालय में भर्ती करवाया।

हरतालिका तीज का पर्व श्रद्धा व भक्तिभाव के साथ मनाया

डूंगरपुर, (निसं)। भादरवा सुद तीज के अवसर पर महिलाओं ने अपना सौभाग्य अखंड रहने तथा मनोवांछित फल की कामना को लेकर हरतालिका तीज का पर्व श्रद्धा एवं भक्तिभावना के साथ मनाया व्रतार्थी महिलाओं एवं युवतियों ने निर्जला रहकर दिन भर उपवास रखा तथा भगवान शिव, पार्वती एवं गणेश की मिट्टी एवं बालू से निर्मित प्रतिमाओं की पूजा-अर्चना कर भजन-कीर्तन किया तथा कथा का श्रवण भी किया।

तडके पूजा-अर्चना के बाद माता पार्वती को सिंदूर चढाया तथा भोग लगाकर अपना व्रत खोला। थाली में सजे कुमकुम, बिंदिया, काजल सुबह शुभ मुर्हत में महिलाएं एवं युवतियां नवीन परिधान धारण कर हाथों में पूजा का थाल जिसमें माता पार्वती के लिए सुहाग सामग्री मेहंदी, चुडी, बिंदिया, काजल,कुमकुम, सिंदूर, कंघी, दीपक, दूध,दही, शक्कर, शहद, पंचामृत शामिल था।

वहीं भोलेनाथ के लिए धोती, अंगोछा आदि वस्त्र से सजा कर अपने हाथों में लेकर समूह के रूप में मंगल गीत गाते हुए शिव मंदिरों में पहुंची। यहां व्रतार्थी महिलाओं ने मिट्टी एवं बालू से बने भगवान भोलेनाथ, माता पार्वती तथा गणेश की प्रतिमाओं की पूजा अर्चना की। महिलाओं ने पुष्प, केवडा तथा बिल्लव पत्र भगवान भोलेनाथ को चढाए। सुहाग की टोकरी में लाई गई सामग्री को सजाकर माता पार्वती को अर्पित की। भोलेनाथ को धोती एवं अंगोछा आदि वस्त्र अर्पित किए। भगवान गणेशजी की भी पूजा-अर्चना की।

वागड में केवडा तीज से ख्यात वागड अंचल में हरतालिका तीज पर्व को केवडा तीज के नाम से जाना जाता है। व्रतधारी महिलाओं एवं युवतियों ने पूजा-अर्चना के बाद कथा का श्रवण किया। शहर के न्यू कॉलोनी क्षेत्र में नवा महादेव, माणक चौक स्थित धनेश्वर महादेव, कानेला पोल स्थित जागेश्वर महादेव, पातेला स्थित सोमनाथ महादेव, घाटी स्थित महाकालेश्वर एवं सारणेश्वर महादेव मंदिर, भोईवाडा शिवालय में महिलाओं ने पूजा-अर्चना की। महिलाओं ने आज निर्जला रहकर उपवास रखा। रात्रि जागरण कर भजन कीर्तन किया। तडके पूजा एवं आरती के बाद माता पार्वती को सिंदूर चढाया तथा माता को भोग चढाने के बाद व्रतार्थी महिलाओं ने अपना व्रत खोला। मान्यता है कि हरतालिका व्रत करने से विवाहिता एवं अविवाहित सभी महिलाओं की उत्तम परिवार की अभिलाषा पूर्ण होती है और उन्हें अखण्ड सौभाग्य की प्राप्ति होती है।

कलेक्टर ने रात्रि चौपाल में परिवेदनाओं को सुना

डूंगरपुर, (निसं)। जिला कलक्टर अंकित कुमार सिंह ने गुरुवार को पंचायत समिति डूंगरपुर की ग्राम पंचायत पगारा में रात्रि चौपाल में ग्राम वासियों की परिवेदनाओं को सुना तथा निस्तारण के निर्देश दिए।

ग्राम वासियों ने मुख्य रूप से हेडपंप लगवाने, गांव के मुख्य चौराहे पर हैलोजन लाइट लगवाने, एनीकट बनवाने, लाइनमैन को पाबंद करने तथा अतिरिक्त विद्युत पोल लगवाने जैसी परिवेदनाओं को प्रमुखता से रखा। इस पर जिला कलक्टर द्वारा संबंधित विभागाध्यक्ष को निस्तारण के लिए पाबंद किया। चौपाल के दौरान सरपंच मुकेश अहारी ने ग्राम पंचायत पगारा में जल जीवन मिशन के चल रहें कार्य को शीघ्रता से पूर्ण करवाने का अनुरोध किया। जिला कलक्टर ने एक-एक कर परिवादी को सुना तथा संबंधित अधिकारी से तथ्यात्मक जानकारी लेकर निस्तारण के दिशा-निर्देश दिए।

रात्रि चौपाल में सभी विभागों के अधिकारियों ने अपने विभाग में संचालित हो रही जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तार पूर्वक जानकारी प्रदान की तथा जागरूक रहकर इन योजना से स्वयं लाभान्वित होने तथा अन्य पात्र लोगों को भी लाभान्वित करने की बात कही।

रात्रि चौपाल में ग्रामवासियों ने डूंगरी फला में विद्युत लाइन के पॉल क्षतिग्रस्त होने से अतिरिक्त पोल लगाने, ग्राम पंचायत पगारा में पंचायत के सामने विद्युत लाइन नई बस्ती के नीचे बडे पेडों की छंटनी करवाने बाबत, धारिया धरा के पास विद्युत लाइन के नीचे पेड छंटनी करवाने, दोवडा जीएसएस के पास घटाऊ फीडर पगारा में ट्रांसफार्मर से दूरी ज्यादा होने से अतिरिक्त पोल लगाने, नई बस्ती विद्युत लाइन पर अतिरिक्त पोल लगाने, चौकी मोड पर स्थित हैलोजन लाइट लगवाने, पगार राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय एवं आंगनवाडी के मुख्य सडक पर होने से अवरोधक बनवाने, डाबेला से निचला फला पगारा तक सडक किनारे झाडियां कटवाने, मनरेगा में नाम जुडवाने, लाइनमैन को पाबंद करने, हेड पंप खुदवाने, जल जीवन मिशन के माध्यम से नल लगवाने, तारबंदी करवाने, एनीकट बनवाने तथा सिंचाई के लिए पाइपलाइन लगवाने आदि परिवेदनाएं प्राप्त हुई। जिला कलक्टर ने परिवेदनाओं के शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए।

रात्रि चौपाल के दौरान पगारा ग्राम वासियों द्वारा बार-बार विद्युत कटौती होने तथा लाइनमैन से संपर्क करने पर फोन नहीं उठाने की बात कही जिस पर जिला कलेक्टर ने एवीएनएल अधिशासी अभियंता को क्षेत्र के समस्त लाइनमैन को पाबंद करने तथा लाइनमैन के अलावा अन्य अधिकारियों के भी संपर्क नंबर उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए। दिव्यांग प्रशांत की जांच के निर्देश:-ग्राम पंचायत पगारा में रात्रि चौपाल के दौरान सरपंच मुकेश अहारी ने जिला कलक्टर को दिव्यांग मुकेश के बारें में जानकारी दी जिस पर जिला कलक्टर ने मौके पर ही मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अलंकर गुप्ता को दिव्यांग प्रशांत को जिला चिकित्सालय ले जाकर जांच करवाने, उचित उपचार उपलब्ध करवाने, नियमानुसार दिव्यांग प्रमाण पत्र बनवाने तथा जनकल्याणकारी योजना से लाभान्वित करने के निर्देश दिए।

बाबा रामदेव अवतरण दिवस पर झांकी ने मन मोहा

डूंगरपुर, (निसं)। भादवी दूज बाबा रामदेव अवतरण दिवस पर शिवाजी नगर के रामदेव चौक में भगवान की विशेष झांकी के साथ श्री रामदेव भक्ति लहर के कलाकारों द्वारा जोर-शोर के साथ श्रोताओं ने सुबह तक भजन संध्या का आनंद लिया संस्कार भारती द्वारा कृष्ण रूप सजा के साथ नन्हे बालक बालिका कृष्ण राधा बनकर आए बच्चों को मुख्य अतिथि दिव्य ज्योति जागृती संस्थान से विदुषी चिन्मया भारती एवं विदुषी मनीषा भारती व पार्षद श्रीमती भावना राव ने सम्मानित किया। भजनों के आगाज में लक्ष्मीकांत जेठवा द्वारा गणेश वंदना मूड महल मा बसे गणेश, उसकी मंजिल का पता पाया नहीं जाता, वह है जहां वहां फरिश्तों का साया नहीं जाता, भादुरी दूज को रणुजा मैलो आ गयो, साधु तेरो संगडो ना छोडू मेरे राम, दीवाना तेरा आया बाबा के दरबार में भजनों पर श्रोतागण झूम उठे। तत्पश्चात गुजरात की लोक गायिका श्रीमती प्रियंका राठौर ने भजन धोरा धरती बिराजो म्हारा देव, धमधमें नगाडा रे ओ जी रे रणुजा धाम मां भजन पर खूब तालिया बटोरी अगले पायदान पर गोपाल शर्मा ने व मुकेश भट्ट ने मेली चादर ओढ कर द्वार तुम्हारे आए। तत्पश्चात नगिन प्रजापत ने भजन एक बार राधा बनकर देख लेए सांवरिया चले गए मथुरा कान्हा गायन पर श्रोतागण झूम उठे।

ज्ञापन सौंपा

कपासन, (निसं)। कपासन में राजस्व विभाग के मंत्रालयिक कर्मचारियों ने राजस्थान सरकार के द्वारा मंत्रालयिक संवर्ग के तहसीलदार पद पर पदोन्नित हेतु आरक्षित कोटे को समाप्त ओर पुनर्निर्धारण किए जाने के विरोध में आधे दिवस का सामूहिक अवकाश रखा। साथ ही राजकार्य का सांकेतिक कार्य बहिष्कार कर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। जिसमें पदोन्नित हेतु आरक्षित कोटा यथावत रखने की मांग की।तहसीलदार पद पर पदोन्नित हेतु आरक्षित कोटे को समाप्त ओर पुनर्निर्धारण किए जाने के विरोध में आधे दिवस का सामूहिक अवकाश रखा।

देहदान की घोषणा करने वाले शिक्षकों का सम्मान

बांसवाड़ा, (निसं)। शिक्षक दिवस के अवसर पर इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी के माध्यम से देहदान करने की घोषणा करने वाले राउमावि बुडा के शिक्षक चंद्रकांत वैष्णव और राउमावि मूंगाणा की शिक्षिका बरखा जोशी का सम्मान किया गया। वक्ताओं ने कहा कि देहदान एक ऐसा महान कार्य है जो समाज के प्रति न केवल दानशीलता की भावना को प्रकट करता है, बल्कि दूसरों की सेवा में जीवन का वास्तविक उद्देश्य भी स्पष्ट करता है।

डॉ. मुनव्वर हुसैन ने कहा देहदान करने वाले ये शिक्षक हमारे समाज के सच्चे नायक हैं, जिन्होंने अपने जीवन में शिक्षा के क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया है और अब देहदान के माध्यम से एक नई प्रेरणा स्थापित की है। ये शिक्षकों का समाज के प्रति समर्पण और मानवता की सेवा की एक अनूठी मिसाल है। इस अवसर पर देहदान करने वाले शिक्षक चंद्रकांत वैष्णव ने कहा कि मेरा मानना है कि जीवन का असली अर्थ तभी साकार होता है जब हम इसे समाज के लिए जीते हैं। मैंने देहदान का निर्णय लिया ताकि मेरे शरीर का उपयोग मेरे बाद भी किसी नेक कार्य में हो सके और किसी के जीवन को बेहतर बनाने में मदद कर सके। बरखा जोशी ने बताया कि एक शिक्षक होने के नाते मैं हमेशा से समाज के प्रति कुछ विशेष करने की आकांक्षा रखती थी। देहदान के माध्यम से मुझे वह मौका मिला है। इंडियन रेड क्रॉस सोसायटी के कोषाध्यक्ष शैलेंद्र सराफ ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा, देहदान का यह निर्णय न केवल साहसिक है, बल्कि समाज के लिए प्रेरणादायक भी है। इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी के सचिव डॉ. आरके मालोत ने कहा कि शिक्षक दिवस पर ऐसे समर्पित शिक्षकों का सम्मान करना वास्तव में हमारे लिए गर्व का क्षण है। इन शिक्षकों ने न केवल अपने छात्रों को शिक्षा दी, बल्कि समाज को भी एक महत्वपूर्ण सन्देश दिया है कि जीवन का मूल्य उसकी लंबाई में नहीं, बल्कि उसकी उपयोगिता में है। डॉ. वनिता त्रिवेदी ने भी शिक्षकों के इस कदम की प्रशंसा की और कहा कि ऐसे शिक्षक समाज के लिए प्रेरणा का स्त्रोत होते हैं। उन्होंने कहा देहदान एक साहसिक कदम है और इन शिक्षकों ने यह साहस दिखाया है। उपस्थित संस्था के सदस्यों ने शिक्षकों की इस अनूठी पहल के लिए उन्हें धन्यवाद दिया और संकल्प लिया कि वे भी समाज सेवा के कार्यों में अपना योगदान देंगे। इस अवसर पर इंडियन रेड क्रॉस सोसायटी के सदस्यों के साथ विद्यार्थियों, अभिभावकों, और समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों ने भी भाग लिया और देहदान के विषय पर जागरूकता फैलाई। देहदान जैसे पुनीत कार्य के लिए प्रेरणा देने वाले इन शिक्षकों को समाज ने एक नई दृष्टि से देखा और उन्हें अपना आदर्श माना।